# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाजपुर
# (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड
# हिंदी विभाग

**Website : www.gpgcbazpur.in** **E-mail : hindivibhag2@gmail.com**

**सत्र** **: 2024-25**

**कार्यक्रम का नाम** **:** युवा संसद (तरूण सभा) प्रतियोगिता–2024, फोर्थ एडिशन

**दिनांक** **: 31-08-2024**

## रिपोर्ट :

बाजपुर। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में युवा संसद (तरूण सभा) प्रतियोगिता–2024, चतुर्थ संस्करण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य के0के0 पाण्डेय की अनुमति एवं मुख्य अतिथि बाजपुर क्षेत्र के उपजिलाधिकारी श्री राकेश चंद्र तिवारी, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत पीसीएस अधिकारी एवं चीनी मिल बाजपुर के प्रधान प्रबंधक श्री हरवीर सिंह, सामाजिक चिंतक श्री नरेंद्र खत्री एवं शिक्षाविद डॉ0 अनिल कुमार सैनी के स्वागत–सत्कार के उपरान्त किया गया।



युवा संसद (तरूण सभा) में खुशी शर्मा ने लोकसभा अध्यक्ष, महेंद्र सिंह बोहरा ने प्रधानमंत्री, पायल बिष्ट ने गृहमंत्री, इल्मा अंसारी ने पर्यटन राज्य मंत्री, जसविंदर सिंह ने रक्षामंत्री, निशा गोला ने पर्यावरण, जल और जलवायु परिवर्तन मंत्री, सिमरन ने वित्तमंत्री, आकाश सागर ने विदेश मंत्री, उजमा खान ने शिक्षामंत्री, अभिषेक ने श्रम एवं रोजगार मंत्री, दिव्या ने विधि और न्याय राज्य मंत्री, स्वतन्त्र प्रभार, गुनगुन ने वाणिज्य और उद्योग मंत्री, मन्तशा बी ने संसदीय कार्य तथा अल्पसंख्यक मंत्री, और शालिनी शर्मा ने युवा कार्यक्रम और खेलमंत्री की भूमिका निभाते हुए एक तरफ सरकार की उपलब्धियाँ गिनाई एवं आगामी जन योजनाओं की रूपरेखा बताई। वहीं तन्नू ने नेता प्रतिपक्ष की भूमिका का निर्वहन करते हुए अपने युवा सांसदों राहुल सिसौदिया, सूरज, मिथुन विश्वास, लोकेश चौहान, अंशिका शर्मा, उर्वशी शर्मा, इकरा खान, शिवानी राणा, और शालू के साथ प्रश्नकाल और शून्यकाल में भूख, गरीबी, स्त्री सुरक्षा, मीडिया, युवा आत्महत्या, बेरोजगारी, मंहगाई, श्रम कानून, मजदूर, नव राज्य निर्माण, खेल, कृषि, शिक्षा, विदेश नीति, विदेशी शिक्षा, युद्ध, वैचारिक संकीर्णता, रेल दुर्घटना, आरक्षण, अकाल और बारिश–भूस्खलन आदि सैकड़ों विषय पर बहुत बेबाकी से संवाद करके सरकार से जवाब माँगा। रवि शर्मा, गुरप्रीत कौर और सलोनी ने सेक्रेटरी जनरल की भूमिका निभाई। छात्रसंघ सचिव आदर्श कुमार और अनुज मॉरीशस के युवा सांसदों के रूप में दिखे।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाजपुर के उपजिलाधिकारी श्री राकेश चंद्र तिवारी ने युवा सांसदों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छात्र–छात्राओं में जीवन–समाज और संसद के प्रति रूचि पनपती है। वे लोकसभा और उसकी प्रक्रिया को व्यावहारिक रूप से समझने योग्य होते हैं। महाविद्यालय में अध्ययन के दौरान यह बहुत आवश्यक है कि युवा देश, समाज और संस्कृति पर संवैधानिक दृष्टि से विचार करें। पीसीएस परीक्षा परिणाम में बाजपुर क्षेत्र से किसी भी युवा का चयन न होने पर उन्होंने चिंता व्यक्त की।

सेवानिवृत पीसीएस अधिकारी एवं चीनी मिल बाजपुर के प्रधान प्रबंधक श्री हरवीर सिंह ने कहा कि युवा संसद प्रतियोगिता को आवश्यक पहल माना। उन्होंने कहा कि लोकसभा की तरह

पक्ष–विपक्ष में पचास से भी अधिक युवा सांसदों को एक साथ देखना सुखद हैं। ऐसे कार्यक्रम वैचारिक समझ को सुदृढ़ करते हैं।

सामाजिक चिंतक व शिक्षाविद श्री नरेंद्र खत्री ने कहा कि युवा संसद में युवा छात्र–छात्राओं ने युवा सांसद की भूमिका में जिस प्रकार बहुत करते हुए दिखे, यकीनन इनसे वास्तविक लोकसभा के नेता–मंत्रियों को कुछ सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि बहुत ही शालीन तरीके से पक्ष और विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष अपने विचारों को व्यक्त किया।




कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो. केके पांडेय ने युवा सांसद प्रतियोगिता में आए मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि और दर्शक दीर्घा में बैठे सभी आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि विश्वास नहीं होता कि महाविद्यालय के छात्र–छात्राएँ हर विषय पर गम्भीरता से बोलेंगें।




कार्यक्रम का संचालन युवा संसद प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी डॉ.खेमकरण सोमन किया। इस अवसर पर डॉ0 रीता सचान, डॉ0 अनिल कुमार सैनी, डॉ0 सूरजपाल सिंह, डॉ0 आदर्श कुमार चौधरी, डॉ0 विकास रंजन, डॉ0 संगीता, डॉ0 जया कांडपाल, डॉ0 दीपा आर्या, डॉ0 जय सिंह, सिया, डॉ0 वंदना, डॉ0 अरूण कुमार, डॉ0 ललित कुमार, डॉ0 अतीश वर्मा, यासमीन, जासमीन, सना, सोनम, ध्रुव कुमार, दीक्षा, ईशा, पूनम, रजनी, सन्ध्या, गुनगुन, गुरप्रीत कौर, छात्रसंघ सचिव, आदर्श कुमार, अनुज, जितेन्द्र सिंह, मन्तशा बी, राखी, प्रवेश, दिव्या, अंजली, सतेन्द्र यादव, डॉ. वंदना खाली, आरती, सौरभ, अभिषेक और विश्वविद्यालय प्रतिनिधि विशाल सिंह उपस्थित रहे।

हल्द्वानी, शनिवार, 31 अगस्त 2024 06

आसपास 30S

## राजकीय महाविद्यालय में आज होगी युवा संसद

बाजपुर। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा संसद का आयोजन 31 अगस्त को सुबह 11 बजे होगा। युवा संसद के नोडल अधिकारी डॉ. खेमकरण सोमन ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त पीसीएस अधिकारी एवं चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक हरवीर सिंह और सामाजिक चिंतक व शिक्षाविद नरेंद्र खत्री होंगे। अध्यक्षता प्राचार्य प्रो.केके पांडेय करेंगे।

## राजकीय महाविद्यालय में युवा संसद कार्यक्रम आज

संस, जागरण● बाजपुर : राजकीय महाविद्यालय में युवा संसद का आयोजन शनिवार 31 अगस्त को पूर्वाह्न 11 बजे से होगा। नोडल अधिकारी डा. खेमकरण सोमन ने बताया छात्र-छात्राओं में संसदीय कार्य की व्यावहारिक समझ एवं संवेदना विकसित करने के लिए कालेज स्तर पर युवा संसद के फोर्थ एडिशन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम राकेश तिवारी, सेवानिवृत्त पीसीएस अधिकारी एवं चीनी मिल बाजपुर के प्रधान प्रबंधक हरवीर सिंह व सामाजिक चिंतक व शिक्षाविद डा.नरेंद्र खत्री होंगे।

# युवा संसद में 54 छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

## एसडीएम ने युवा सांसदों को किया प्रोत्साहित

बाजपुर। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 54 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे उपजिलाधिकारी बाजपुर, राकेश चंद्र तिवारी ने युवा सांसदों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छात्र-छात्राओं में जीवन-समाज और संसद के प्रति रुचि पनपती है। वे लोकसभा और उसकी प्रक्रिया को व्यावहारिक रूप से समझने योग्य होते हैं। महाविद्यालय में अध्ययन के दौरान यह बहुत आवश्यक है कि युवा देश, समाज और संस्कृति पर संवैधानिक दृष्टि से विचार करें। उन्होंने पीसीएस परीक्षाओं में बाजपुर क्षेत्र से किसी भी युवा का चयन न होने पर चिंता भी व्यक्त की। सेवानिवृत पीसीएस अधिकारी एवं चीनी मिल बाजपुर के प्रधान प्रबंधक हरवीर सिंह ने युवा संसद प्रतियोगिता को आवश्यक पहल बताया। उन्होंने कहा कि लोकसभा की तरह पक्ष-विपक्ष में पचास से भी अधिक युवा सांसदों को एक साथ देखना सुखद है। आदर्श कन्या इंटर कालेज के अध्यक्ष डा. नरेंद्र खत्री ने भी युवा संसद को सम्बोधित किया। इससे पूर्व आयोजित युवा संसद प्रतियोगिता में खुशी शर्मा ने लोकसभा अध्यक्ष, महेंद्र सिंह बोहरा ने प्रधानमंत्री, पायल बिष्ट ने गृहमंत्री, इल्मा अंसारी ने पर्यटन राज्य मंत्री, जसविंदर सिंह ने रक्षामंत्री, निशा गोला ने पर्यावरण, जल और जलवायु परिवर्तन मंत्री, सिमरन ने वित्तमंत्री, आकाश सागर ने विदेश मंत्री, उजमा खान ने शिक्षामंत्री, शालिनी शर्मा ने खेलमंत्री की भूमिका निभाते हुए सरकार की उपलब्धियां गिनाई एवं आगामी जन योजनाओं की रूपरेखा बताई। वहीं तन्नू ने नेता प्रतिपक्ष की भूमिका का निर्वहन करते हुए अपने युवा सांसदों राहुल सिसौदिया, सूरज, मिथुन विश्वास, लोकेश चौहान, अंशिका शर्मा, उर्वशी शर्मा, इकरा खान, शिवानी राणा और शालू के साथ प्रश्नकाल और शून्यकाल में भूख, गरीबी, स्त्री सुरक्षा, मीडिया, युवा आत्महत्या, बेरोजगारी, मंहगाई, श्रम कानून, मजदूर, नव राज्य निर्माण, खेल, कृषि, शिक्षा, विदेश नीति, विदेशी शिक्षा, युद्ध, रेल दुर्घटना, आरक्षण, अकाल और बारिश-भूस्खलन आदि सैकड़ों विषय पर बहुत बेबाकी से संवाद करके सरकार से जवाब मांगा। रवि शर्मा, गुरप्रीत कौर और सलोनी ने सेक्रेटरी जनरल की भूमिका निभाई। छात्रसंघ सचिव आदर्श कुमार और अनुज ने मॉरीशस के युवा सांसदों के रूप में दिखे। कार्यक्रम का संचालन युवा संसद प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी डा.खेमकरण सोमन किया। इस अवसर पर प्राचार्य केके पाण्डेय, डा. रीता सचान, डा. अनिल कुमार सैनी, डा. आदर्श कुमार चौधरी, डा. विकास रंजन, डा. संगीता, डा. जया कांडपाल, डा. दीपा आर्या, डा. जय सिंह, डा. वंदना, डा. अरुण कुमार, डा. ललित कुमार, डा. अतीश वर्मा, यासमीन, जासमीन, सना, सोनम, ध्रुव कुमार, दीक्षा, ईशा, पूनम उपस्थित रहे।

नैनीताल, रविवार 1 सितम्बर, 2024

उत्तर उजाला

# युवा संसद में विद्यार्थियों ने मुद्दों पर की तीखी बहस

## बाजपुर के राजकीय स्नातकोत्तर **महाविद्यालय** में हुआ आयोजन

संवाद सहयोगी, जागरण • बाजपुर : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा संसद प्रतियोगिता चतुर्थ संस्करण के आयोजन में 54 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। युवा संसद में प्रधानमंत्री बने महेंद्र सिंह बोहरा ने बेबाकी से अपनी बात रखी। खुशी शर्मा ने लोकसभा अध्यक्ष, पायल बिष्ट ने गृहमंत्री, इल्मा अंसारी ने पर्यटन राज्य मंत्री, जसविंदर सिंह ने रक्षामंत्री, निशा गोला ने पर्यावरण, जल और जलवायु परिवर्तन मंत्री, सिमरन ने वित्तमंत्री, आकाश सागर ने विदेश मंत्री, उजमा खान ने शिक्षामंत्री, शालिनी शर्मा ने खेलमंत्री की भूमिका निभा सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।

वहीं तन्नू ने नेता प्रतिपक्ष की भूमिका का निर्वहन कर अपने युवा सांसदों राहुल सिसौदिया, सूरज, मिथुन विश्वास, लोकेश चौहान, अंशिका शर्मा, उर्वशी शर्मा, इकरा खान, शिवानी राणा, और शालू के साथ प्रश्नकाल और शून्यकाल में अपनी आवाज मुखर की। उन्होंने भूख, गरीबी, स्त्री सुरक्षा, मीडिया, युवा आत्महत्या, बेरोजगारी, महंगाई, श्रम कानून, मजदूर, नव राज्य निर्माण, खेल, कृषि, शिक्षा, विदेश नीति, विदेशी शिक्षा, युद्ध, रेल दुर्घटना, आरक्षण, अकाल और बारिश-भूस्खलन आदि विषय पर संवाद कर सरकार से जवाब मांगा।



बाजपुर पीजी कालेज मे शनिवार को युवा संसद प्रतियोगिता चतुर्थ संस्करण कार्यक्रम मे मौजूद अतिथि एवं पक्ष-विपक्ष की भूमिका निभाने वाले विद्यार्थी • जागरण

रवि शर्मा, गुरप्रीत कौर और सलोनी ने सेक्रेटरी जनरल की भूमिका निभाई। छात्रसंघ सचिव आदर्श कुमार और अनुज मारीशास के युवा सांसदों के रूप में दिखे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी राकेश चंद्र तिवारी ने युवा सांसदों का उत्साहवर्धन किया। हाल ही में जारी हुए पीसीएस परीक्षा परिणाम में बाजपुर क्षेत्र से किसी भी युवा का चयन न होने पर उन्होंने चिंता भी व्यक्त की। सेवानिवृत्त पीसीएस अधिकारी एवं चीनी मिल बाजपुर के प्रधान प्रबंधक हरवीर सिंह ने युवा संसद प्रतियोगिता को आवश्यक पहल माना। शिक्षाविद डा. नरेंद्र खत्री ने कहा कि युवा संसद में विद्यार्थियों ने शालीन तरीके से अपने विचारों को व्यक्त किया। कार्यक्रम की अगुआई कर रहे प्राचार्य प्रो. केके पांडेय ने युवा सांसद प्रतियोगिता में आए मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि और दर्शक दीर्घा में बैठे सभी आगंतुकों का आभार जताया। संचालन युवा संसद प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी डा. खेमकरण सोमन ने किया। इस मौके पर डा. रीता सचान, डा. अनिल सैनी, डा. आदर्श चौधरी, डा. विकास रंजन, डा. संगीता, डा. जया कांडपाल, डा. दीपा आर्या, डा. जय सिंह, डा. वंदना, डा. अरुण कुमार, डा. ललित कुमार, डा. अतीश वर्मा, यासमीन, जासमीन, सना, सोनम, ध्रुव कुमार, दीक्षा, ईशा, पूनम, संध्या, गुनगुन, गुरप्रीत कौर, जितेंद्र सिंह, मंतशा बी, राखी, प्रवेश, दिव्या, अंजली, सतेंद्र यादव, डा. वंदना खाती आदि मौजूद रहे।